पिछले दशक में, फिनलैंड, स्पेन, चैक गणराज्य और ऑस्ट्रिया

342
00:32:28,080 --> 00:32:31,480
भी यूरोप के सबसे बड़े खगोलशास्त्रीय संस्थान से आ जुड़े.

343
00:32:32,480 --> 00:32:36,200
अभी हाल में ब्राजील 'ईएसओ' का पन्द्रहवां सदस्य

344
00:32:36,240 --> 00:32:39,080
और यूरोप के बाहर का पहला राष्ट्र बना.

345
00:32:39,480 --> 00:32:41,320
भविष्य में न जाने और क्या होगा.

346
00:32:42,280 --> 00:32:47,120
सभी सदस्य देश विश्व की सबसे बड़ी वेधशालाओं में

347
00:32:47,160 --> 00:32:49,640
खगोलशास्त्र के उच्च अध्ययन के लिए एकजुट है.

348
00:32:55,040 --> 00:32:57,200
ये उनके देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी हितकर है.

349
00:32:58,040 --> 00:33:02,640
'ईएसओ' यूरोप और चिली में उद्योग के साथ घुल-मिलकर सहयोग करती है.

350
00:33:13,440 --> 00:33:15,840
आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण होना था.

351
00:33:16,760 --> 00:33:18,640

पर्वत शिखरों को सपाट करना था.

352
00:33:20,160 --> 00:33:23,200
इटली के उद्योग संघ 'एईएस' ने

353
00:33:23,240 --> 00:33:27,440
'वीएलटी' की चार दूरबीनों के मुख्य ढांचे तैयार किये.

354
00:33:27,999 --> 00:33:32,560
प्रत्येक दूरबीन का भार लगभग 430 टन है.

355
00:33:34,240 --> 00:33:40,080
उन्होंने दूरबीन के भवन भी बनाये जो दस मंजिला इमारत जितने ऊंचे हैं.

356
00:33:42,880 --> 00:33:47,999
एक काँच बनाने वाली जर्मन कम्पनी शॉट ने 'वीएलटी' के नाज़ुक दर्पण बनाये

357
00:33:48,000 --> 00:33:52,240
जो आठ मीटर व्यास और केवल 20 सेंटीमीटर मोटाई के हैं.

358
00:33:53,400 --> 00:33:55,400
फ्रांस के REOSC में,

359
00:33:55,400 --> 00:33:59,960
इन दर्पणों को चमकाने का कार्य हुआ जो मिलीमीटर के दस लाखवें भाग की परिशुद्धता से किया गया

360
00:33:59,960 --> 00:34:03,160
- पूर्व इसके कि उन्हें पारनाल की लंबी यात्रा पर भेजा जाता.

361
00:34:08,200 --> 00:34:12,040
इस बीच यूरोप के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में

362
00:34:12,080 --> 00:34:15,720
सुग्राही कैमरे और वर्णक्रममापी विकसित किये गए.

363
00:34:17,640 --> 00:34:20,400
'ईएसओ' की दूरबीनें करदाताओं के धन बनी हैं.

364
00:34:20,400 --> 00:34:21,800
आपके धन से.

365
00:34:21,880 --> 00:34:24,880
इसलिए आप भी इस उत्साह में सम्मिलित हो सकते हैं.

366
00:34:24,920 --> 00:34:30,080
उदाहरण के लिए, 'ईएसओ' की वेबसाइट प्रचुर खगोलीय सूचना का भंडार है.

367
00:34:30,120 --> 00:34:33,560
जिसमें हजारों सुंदर चित्र और विडियो हैं.

368
00:34:35,800 --> 00:34:39,600
इसके अलावा 'ईएसओ' पत्रिकाएं प्रकाशित करती है, प्रेस विज्ञप्तियां जारी करती है,

369
00:34:39,640 --> 00:34:44,240
और विडियो डाक्युमेंटरी बनाती है जैसी एक आप ठीक इस समय देख रहे हैं.

370
00:34:46,480 --> 00:34:48,080
और पूरे विश्व में

371
00:34:48,080 --> 00:34:53,880
'ईएसओ' विज्ञान मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेती है,

372
00:34:58,960 --> 00:35:03,560
ब्रह्माण्ड की खोज में भागीदारी के अनगिनत तरीके हैं.

373
00:35:05,640 --> 00:35:08,960
क्या आप जानते हैं कि 'वीएलटी' की चार दूरबीनों के नाम

374
00:35:08,960 --> 00:35:11,560
चिली की एक बालिका ने सुझाये थे?

375
00:35:12,240 --> 00:35:14,880
17 वर्षीया जोर्सी एल्बनेज़ कास्टिला ने

376
00:35:14,880 --> 00:35:19,840
ये चार नाम दिए थे, अंतु, कुइयन, मेलीपाल और येपुन

377
00:35:19,880 --> 00:35:26,320
जो मापुचे भाषा में सूर्य, चन्द्र, सदर्न क्रॉस और शुक्र के नाम हैं.

378
00:35:27,200 --> 00:35:31,320
जोर्सी जैसे स्कूली बच्चों और छात्रों की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है.

379
00:35:32,880 --> 00:35:36,160
'ईएसओ' अनेक शैक्षणिक कार्यक्रमों में सन्नद्ध है.

380
00:35:36,520 --> 00:35:39,800
जैसे, स्कूली अभ्यास एवं व्याख्यान.

381
00:35:41,960 --> 00:35:46,120
जब 2004 में शुक्र सूर्य के सामने से गुज़रा था,

382
00:35:46,160 --> 00:35:50,560
तब यूरोपीय छात्रों और अध्यपकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम बनाया गया.

383
00:35:53,400 --> 00:35:58,000
और 2009 के अंतर्राष्ट्रीय खगोलिकी वर्ष में

384
00:35:58,040 --> 00:36:02,880
'ईएसओ' विश्व भर में लाखों स्कूली बच्चों और छात्रों तक पहुँची.

385
00:36:02,880 --> 00:36:07,320
आखिर सच ही है कि आज के बच्चे ही तो कल के खगोलशास्त्री हैं.

386
00:36:12,320 --> 00:36:16,960
पर बाहर पहुँच बनाने के इस उपक्रम में ब्रह्मांड का कोई सानी नहीं है.

387
00:36:24,320 --> 00:36:26,800
खगोलशास्त्र एक दृश्य विज्ञान है.

388
00:36:26,800 --> 00:36:33,080
मंदाकिनियों, तारक गुच्छों और तारों की पौधशालाओं को देखकर हमारी कल्पना को पर लग जाते हैं.

389
00:36:37,800 --> 00:36:39,320
जब उनका विज्ञानं के लिए उपयोग न हो रहा हो तब,

390
00:36:39,320 --> 00:36:44,080
कभी कभार 'ईएसओ' की दूरबीनों का उपयोग 'कॉस्मिक जैम्स कार्यक्रम' में होता है

391
00:36:44,080 --> 00:36:49,160
-- केवल शैक्षणिक और जन जागरण के लिए चित्र खींचने में.

392
00:36:57,000 --> 00:37:00,680
कहते हैं कि एक तस्वीर हज़ार शब्दों के बराबर होती है.

393
00:37:03,880 --> 00:37:08,320
सामान्य जन इन स्तब्धकारी चित्रों के सृजन में भाग ले सकते हैं.

394
00:37:08,320 --> 00:37:11,000
इसके लिए हमारी 'हिडन ट्रेजर' प्रतियोगिताएं हैं.

395
00:37:14,160 --> 00:37:20,560
रूसी शौकिया खगोलशास्त्री इगोर चेकालिन ने वर्ष 2010 की प्रतियोगिता जीती थी.

396
00:37:22,080 --> 00:37:26,080
उनके अद्भुत चित्र वास्तविक वैज्ञानिक आंकड़ों पर आधारित थे.

397

00:37:31,840 --> 00:37:34,840
सदस्य देशों, उद्योग और विश्वविद्यालयों ने

398
00:37:34,840 --> 00:37:37,640
हर स्तर पर सहयोग कर

399
00:37:37,640 --> 00:37:42,640
'ईएसओ' को विश्व की एक सफलतम संस्था बनाया है.

400
00:37:43,040 --> 00:37:48,040
और इसके जन अभियान के तहत आप इस साहसिक उपक्रम से जुड़ सकते हैं.

401
00:37:48,080 --> 00:37:51,160
यह ब्रह्माण्ड आपका आह्वान कर रहा है - कि मुझे खोजो तो जानें.

402
00:37:57,680 --> 00:38:04,480
प्रकाश को लपकना.

403
00:38:09,920 --> 00:38:11,480
आधी सदी से,

404
00:38:11,480 --> 00:38:16,880
यूरोपीयन सदर्न आब्जर्वेटरी ब्रह्मांड के सौंदर्य को उजागर करती रही है.

405
00:38:23,040 --> 00:38:25,440
पृथ्वी पर तारों के प्रकाश की वर्षा होती रहती है.

406
00:38:27,200 --> 00:38:30,400
विशाल दूरबीनें ब्रह्मांड के प्रकाश कण यानि फोटोन का संग्रह कर

407
00:38:30,440 --> 00:38:34,320
उन्हें अद्यतन कैमरों और वर्णक्रममापी उपकरणों को भेजती हैं.

408
00:38:37,160 --> 00:38:41,960
आज की खगोलीय छवियाँ 1960 के चित्रों से पर्याप्त भिन्न हैं.

409
00:38:43,400 --> 00:38:46,520
जब सन् 1962 में 'ईएसओ' की शुरुआत हुयी,

410
00:38:46,520 --> 00:38:50,480
खगोलशास्त्री काँच की बनी बड़ी बड़ी फोटोग्राफिक प्लेट का इस्तेमाल करते थे.

411
00:38:51,480 --> 00:38:56,120
वे कम सुग्राही और अशुद्ध होतीं और उनसे काम लेना भी कठिन होता था.

412
00:39:00,600 --> 00:39:04,280

आज के इलेक्ट्रोनिक संसूचकों ने दुनिया कितनी बदल दी है.

413
00:39:04,960 --> 00:39:07,880
वे लगभग प्रत्येक फोटोन को पकड़ लेते हैं.

414
00:39:08,400 --> 00:39:11,200
छवि भी तत्काल मिल जाती है.

415
00:39:11,240 --> 00:39:13,320
साथ ही महत्वपूर्ण बात ये भी है कि उसका

416
00:39:13,320 --> 00:39:17,320
कम्पूटर द्वारा संसाधन और विश्लेषण किया जा सकता है.

417
00:39:17,920 --> 00:39:21,600
खगोलशास्त्र पूरी तरह डिजिटल हो गया है.

418
00:39:28,600 --> 00:39:31,120
'ईएसओ' की दूरबीनों में दुनिया के सबसे बड़े

419
00:39:31,160 --> 00:39:33,840
और अति संवेदी संसूचक लगे हैं.

420
00:39:33,840 --> 00:39:40,840
अकेले 'विस्टा' कैमरे में 16 संसूचक लगे हैं जो 6 करोड 70 लाख पिक्सेल के बराबर है.

421
00:39:43,080 --> 00:39:48,160
यह विशाल उपकरण इन्फ्रारेड विकिरण को लपक लेता है जो ब्रह्माण्ड के धूल भरे बादलों से

422
00:39:48,200 --> 00:39:49,520
नवजात तारों से

423
00:39:49,520 --> 00:39:52,600
या दूरस्थ मंदाकिनियों से आ रहा हो.

424
00:39:59,880 --> 00:40:05,600
द्रवीभूत हीलियम इन संसूचकों को ऋण 269 के तापमान पर बनाये रखती है.

425
00:40:05,600 --> 00:40:09,320
इसप्रकार 'विस्टा' दक्षिण के आकाश की सूची तैयार करती है

426
00:40:09,320 --> 00:40:13,040
मानो कोई अन्वेषक किसी अनजाने महाद्वीप का नक्शा बना रहा हो.

427
00:40:15,640 --> 00:40:19,080
'वीएलटी' सर्वे दूरबीन एक और खोजी मशीन है

428
00:40:19,120 --> 00:40:22,040
जो दृश्य प्रकाश के क्षेत्र में काम करती है.

429
00:40:27,960 --> 00:40:31,880
इसका कैमरा जिसे 'ओमेगाकैम' कहा जाता है और भी बड़ा है.

430
00:40:32,520 --> 00:40:37,480
इसमें 32 सीसीडी के 26 करोड 80 लाख विलक्षण संख्या वाले पिक्सेल मिलकर

431
00:40:37,480 --> 00:40:42,480
अद्भुत चित्र बनाते हैं.

432
00:40:44,680 --> 00:40:47,999
इसका दृश्य फलक एक वर्ग अंश का है

433
00:40:48,000 --> 00:40:51,360
- यानि पूर्ण चन्द्र का चार गुना.

434
00:40:53,520 --> 00:40:58,040
'ओमेगाकैम' प्रतिरात पचास गीगाबाईट आंकड़े जमा करता है.

435
00:40:59,400 --> 00:41:02,160
ये तो हुए गीगाबाईट के उम्दा आंकड़े.

436
00:41:05,800 --> 00:41:09,200
'विस्टा' और 'वीएसटी' जैसी सर्वेक्षण दूरबीनें

437
00:41:09,200 --> 00:41:12,920
आकाश को खंगालती रहती हैं - दुर्लभ और रोचक पिंडों की तलाश में.

438
00:41:13,360 --> 00:41:17,240
खगोलशास्त्री फिर 'वीएलटी' की अपार क्षमता का उपयोग

439
00:41:17,240 --> 00:41:20,880
इन पिंडों के उत्कृष्ट अध्ययन के लिए करते हैं.

440
00:41:23,320 --> 00:41:25,760
'वीएलटी' की चारों दूरबीनों में से

441
00:41:25,760 --> 00:41:28,200
प्रत्येक का अपना विशिष्ट उपकरण है,

442
00:41:28,200 --> 00:41:31,200
प्रत्येक की अपनी विशेषताएं है.

443
00:41:31,999 --> 00:41:39,200
इन उपकरणों के बिना 'ईएसओ' के अंतरिक्ष पर लगी बड़ी आँख, बस, अंधी है.

444
00:41:40,280 --> 00:41:46,920
इनके बड़े विलक्षण नाम हैं जैसे, आइजेक, फ्लेम्स, हॉकआई और सिनफोनी.

445
00:41:47,800 --> 00:41:52,400
छोटी कार जितना आकार है इनमें से प्रत्येक विशाल अत्युन्नत मशीन का.

446
00:41:54,200 --> 00:41:55,760
इनका उद्देश्य?

447
00:41:55,760 --> 00:42:00,920
ब्रह्माण्ड के फोटॉनों को पकड़कर हर संभव सूचना बाहर निकलना.

448
00:42:03,240 --> 00:42:07,840
सभी उपकरण विलक्षण हें पर कुछ दूसरों से अधिक विशिष्ट.

449
00:42:08,120 --> 00:42:14,360
उदाहरण के लिए, ये नाको और ये सिनफोनी 'वीएलटी' की एडेप्टिव ऑप्टिक्स का उपयोग करते हैं.

450
00:42:17,920 --> 00:42:20,840
लेज़र के द्वारा कृत्रिम तारे बनाये जाते हैं.

451
00:42:20,840 --> 00:42:24,600
जो वायुमंडल के धुंधलापन लाने वाले प्रभाव को निष्क्रिय करने में खगोलविदों की मदद करते हैं.

452
00:42:30,760 --> 00:42:35,360
नाको द्वारा लिए चित्र इतने स्पष्ट होते हैं मानों उन्हें बाह्य अंतरिक्ष से लिया गया हो.

453
00:42:38,080 --> 00:42:43,720
फिर मिडी और एम्बर नामक दो व्यतिकरणमापी हैं.

454
00:42:45,160 --> 00:42:49,720
इनमें दो या दो से अधिक दूरबीनों की प्रकाश तरंगें एक स्थान पर लाई जाती हैं

455
00:42:49,720 --> 00:42:53,120
मानो उन्हें किसी एक विशाल दर्पण द्वारा एकत्र किया गया हो.

456
00:42:55,560 --> 00:42:56,920
परिणाम:

457
00:42:57,320 --> 00:42:59,800
कल्पनातीत प्रखर चित्र.

458

00:43:03,760 --> 00:43:06,720
पर खगोलशास्त्र में केवल चित्र ही लिए जाते हों ऐसा नहीं है.

459
00:43:06,760 --> 00:43:08,480
अगर आप विस्तृत सूचना चाहते हैं,

460
00:43:08,480 --> 00:43:12,400
तो आप तारे के प्रकाश के साथ चीरफाड़ कर उसकी संरचना ज्ञात कर सकते है.

461
00:43:15,360 --> 00:43:19,080
वर्णक्रममिति खगोलशास्त्र का एक सशक्त औज़ार है.

462
00:43:24,800 --> 00:43:29,120
आश्चर्य नहीं कि 'ईएसओ' को अपने दुनिया के सबसे अत्याधुनिक वर्णक्रममापियों पर गर्व है.

463
00:43:29,160 --> 00:43:31,640
जैसे ये शक्तिशाली 'एक्स-शूटर'.

464
00:43:32,240 --> 00:43:37,240
जहाँ चित्र हमें सौंदर्य के दर्शन करते हैं वहीं वर्णक्रम अधिक जानकारी उजागर करता है.

465
00:43:41,560 --> 00:43:42,840
सर्जन

466
00:43:43,920 --> 00:43:45,160
गति

467
00:43:46,080 --> 00:43:47,360
आयु

468
00:43:53,480 --> 00:43:58,000
दूरवर्ती तारों के गिर्द घूमते बाह्य ग्रहों के वायुमंडल.

469
00:44:01,520 --> 00:44:05,680
या दृश्य ब्रह्मांड के छोर पर स्थित नवजात मंदाकिनियाँ.

470
00:44:09,480 --> 00:44:14,480
बिना वर्णक्रममिति के हम ऐसे अन्वेषक साबित होते जो बस एक विशाल भूदृश्य मात्र ताक रहे होते.

471
00:44:14,920 --> 00:44:16,360
वर्णक्रममिति के द्वारा

472
00:44:16,360 --> 00:44:21,360
हम उस भूदृश्य की स्थलाकृति, भूविज्ञान, विकास एवं संरचना को जान सकते हैं.

473
00:44:31,160 --> 00:44:32,999

एक बात और है.

474
00:44:36,999 --> 00:44:41,880
अपने शांत और स्थिर सौंदर्य के बावजूद ब्रह्माण्ड एक अत्यंत हिंसापूर्ण स्थली है.

475
00:44:43,920 --> 00:44:45,800
रात में कई जगह ऊपर धमाके होते हैं,

476
00:44:45,800 --> 00:44:49,640
और खगोलविद प्रत्येक घटना को लपक लेना चाहते हैं.

477
00:44:53,400 --> 00:44:58,680
भारी तारे अपने जीवन के अंत में सुपरनोवा के रूप में विस्फोटित होते हैं.

478
00:45:04,600 --> 00:45:07,480
कुछ ब्रह्मांडीय धमाके तो इतने प्रचंड होते हैं कि

479
00:45:07,520 --> 00:45:11,040
वो अपनी पितृ मंदाकिनी को कुछ समय के लिए चमक में पीछे छोड़ देते हैं.

480
00:45:11,040 --> 00:45:16,240
अन्तःतारकीय अंतरिक्ष उच्च शक्ति वाली अदृश्य गामा किरणों से ओतप्रोत हो जाता है.

481
00:45:18,200 --> 00:45:24,120
छोटी-छोटी स्वचालित दूरबीनें उपग्रहों द्वारा इसका संकेत मिलते ही सक्रिय हो जाती हैं.

482
00:45:24,600 --> 00:45:30,800
कुछ ही सेकिंडों में वे सही दिशा में समायोजित हो जाती हैं ताकि विस्फोट के परिणाम का अध्ययन कर सकें.

483
00:45:32,120 --> 00:45:35,920
दूसरी स्वचालित दूरबीनें अपना ध्यान कम नाटकीय घटनाओं पर केंद्रित करती हैं.

484
00:45:35,920 --> 00:45:40,000
जैसे दूरवर्ती ग्रहों का अपने मातृ तारे के सामने से गुज़रना.

485
00:45:42,800 --> 00:45:46,400
ब्रह्माण्ड में हरदम हलचल मची रहती है.

486
00:45:46,440 --> 00:45:50,080
'ईएसओ' की चेष्टा यही है कि इस हलचल के एक भी स्पंदन से चूक न जाय.

487
00:45:51,999 --> 00:45:55,999
ब्रह्माण्डिकी ऐसा विज्ञान है जिसमें ब्रह्माण्ड का उसकी पूर्णता में अध्ययन किया जाता है.

488
00:45:56,000 --> 00:46:00,440
इसकी संरचना, विकास और उद्भव.

489
00:46:04,360 --> 00:46:08,960
इसलिए ये महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम अधिक से अधिक प्रकाश का संग्रह कर सकें.

490
00:46:09,320 --> 00:46:14,640
ये मंदाकिनियाँ इतनी दूर हैं कि इनसे केवल गिने चुने फोटॉन ही पृथ्वी तक पँहुचते हैं.

491
00:46:17,080 --> 00:46:20,520
पर ये गिने चुने फोटॉन अपने में ब्रह्माण्ड के अतीत के सुराग संजोये होते हैं.

492
00:46:22,320 --> 00:46:24,760
उन्होंने अरबों वर्षों की यात्रा की होती है.

493
00:46:25,160 --> 00:46:28,840
वे हमें आदि ब्रह्मांड का स्वरूप दिखाते हैं.

494
00:46:29,240 --> 00:46:34,160
इसीलिये सुग्राही उपकरणों से सुसज्जित बड़ी दूरबीनें ज़रूरी हो गयी हैं.

495
00:46:35,320 --> 00:46:37,440
पिछले पचास वर्षों में,

496
00:46:37,440 --> 00:46:41,920
'ईएसओ' की दूरबीनों ने बहुत दूर की मंदाकिनियों और क्वेजार्स के दर्शन कराये

497
00:46:41,920 --> 00:46:43,960
जैसे हमने पहले कभी नहीं किये थे.

498
00:46:47,360 --> 00:46:51,320
यहाँ तक कि उन्होंने हमारी मदद अदृश्य काले पदार्थ के प्रसार को अनावृत करने में की

499
00:46:51,360 --> 00:46:53,920
जिसकी प्रकृति अबतक अनजानी है.

500
00:47:00,560 --> 00:47:04,360
कौन जानता है कि अगले पचास वर्षों में क्या गुल खिलेंगे?

501
00:47:10,320 --> 00:47:15,000
जीवन की खोज.

502
00:47:17,520 --> 00:47:20,480
क्या आपने कभी ब्रह्माण्ड में जीवन के बारे में सोचा है?

503
00:47:20,480 --> 00:47:23,600
दूरवर्ती तारों के गिर्द जीव सृष्टि से ओतप्रोत ग्रह?

504
00:47:23,600 --> 00:47:26,520
सदियों से खगोलशास्त्री इस विषय पर चिंतन करते रहे हैं.

505
00:47:26,520 --> 00:47:30,960
आखिर ब्रह्माण्ड में इतनी सारी मंदाकिनियाँ बिखरी पड़ी हैं और प्रत्येक में ढेर सारे तारे हैं

506
00:47:30,960 --> 00:47:33,160
तो फिर पृथ्वी ही विशिष्ट क्यों?

507
00:47:34,520 --> 00:47:39,120
सन् 1995 में स्विस खगोलशास्त्री माइकेल मेयर और डिडियर क्विलोज़

508
00:47:39,120 --> 00:47:43,680
वे प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने हमरे सौर मण्डल के बाहर एक सामान्य तारे की परिक्रमारत ग्रह को खोजा.

509
00:47:44,000 --> 00:47:48,480
तबसे ग्रह-खोजियों ने सैकड़ों दूसरे बाह्य ग्रह खोज निकाले हैं.

510
00:47:48,480 --> 00:47:53,800
छोटे-बड़े, गर्म-ठंडे विविध प्रकार के ग्रह.

511
00:47:54,600 --> 00:47:58,800
अब हम पृथ्वी जैसे ग्रहों को बस खोजने ही वाले हैं.

512
00:47:59,040 --> 00:48:04,840
और फिर भविष्य में: ऐसा ग्रह जिसपर जीवन हो - खगोलशास्त्रियों की मृगतृष्णा.

513
00:48:11,560 --> 00:48:15,080
यूरोपीयन सदर्न आब्जर्वेटरी बाह्य ग्रहों की खोज में

514
00:48:15,080 --> 00:48:17,320
प्रमुख भूमिका निभाती है.

515
00:48:18,200 --> 00:48:22,560
माइकेल मेयर के दल ने सेरो ला सिला से सैकड़ों बाह्य ग्रह खोज निकले हैं.

516
00:48:22,560 --> 00:48:25,880
यह स्थान चिली में हमारा प्रथम चरण था.

517
00:48:26,680 --> 00:48:28,880
यहाँ ये कोराली वर्णक्रममापी है,

518
00:48:28,880 --> 00:48:32,120
जो स्विस लियोंहार्ड आयलर दूरबीन पर लगा है.

519

00:48:33,840 --> 00:48:39,800
इसका काम है तारों में हलकी सी लड़खड़ाहट को मापना जो उनके गिर्द घूमते ग्रहों की गतियों के गुरुत्व के कारण उत्पन्न होती है.

520
00:48:40,000 --> 00:48:46,520
'ईएसओ' की सम्मान्य 3.6 मीटर व्यास की दूरबीन भी इस कार्य में सन्नद्ध है.

521
00:48:47,760 --> 00:48:51,320
इसका हार्प्स वर्णक्रममापी दुनिया भर में सबसे अधिक अचूक है.

522
00:48:51,320 --> 00:48:55,560
इसने अबतक 150 से अधिक ग्रह खोजे हैं.

523
00:49:00,600 --> 00:49:02,360
इसका सबसे बड़ा विजय चिन्ह है

524
00:49:02,360 --> 00:49:08,680
ये पांच से सात बाह्य ग्रहों का समृद्ध 'सौर मंडल'.

525
00:49:20,160 --> 00:49:22,560
पर बाह्य ग्रहों को खोजने के दूसरे तरीके भी हैं

526
00:49:30,760 --> 00:49:37,360
जैसे 1.5 मीटर व्यास की इस डेनिश दूरबीन ने एक दूरवर्ती ग्रह खोजा

527
00:49:37,360 --> 00:49:40,360
वो ग्रह पृथ्वी से पांच गुना वजनी निकला.

528
00:49:44,160 --> 00:49:48,160
कैसे इसे खोजा गया? गुरुत्वीय माइक्रोलेंसिंग के द्वारा.

529
00:49:48,880 --> 00:49:54,160
हुआ यह कि वो ग्रह अपने पितृ तारे के के साथ पृष्ठभूमि के एक बड़े चमकीले तारे के सामने से गुज़रा.

530
00:49:54,160 --> 00:49:56,320
इससे वो आवर्धित हो दिखाई दिया.

531
00:49:58,120 --> 00:50:03,280
कभी कभी तो आप सीधे अपने कैमरे में बाह्य ग्रह को कैद कर सकते हैं.

532
00:50:06,720 --> 00:50:13,240
जैसे, 'वीएलटी' पर लगे 'नाको' नामक एडेप्टिव ऑप्टिक्स वाले कैमरे ने

533
00:50:13,240 --> 00:50:17,240
किसी बाह्य ग्रह की पहली तस्वीर आँकी.

534
00:50:17,240 --> 00:50:23,040

इस चित्र में ये लाल धब्बा एक विशाल ग्रह है जो एक भूरे वामन तारे की परिक्रमा कर रहा है.

535
00:50:26,560 --> 00:50:31,640
वर्ष 2010 में 'नाको' ने एक कदम और आगे बढ़ा.

536
00:50:33,160 --> 00:50:37,320
ये तारा पृथ्वी से 130 प्रकाश वर्ष दूर है.

537
00:50:37,320 --> 00:50:43,600
ये सूर्य से कम उमरदार और चमकीला है, इसके गिर्द चार ग्रह बड़ी कक्षाओं में घूमते हैं,

538
00:50:45,720 --> 00:50:50,960
'नाको' की गिद्ध जैसी पैनी आँख ने इस ग्रह 'स' के प्रकाश को मापा,

539
00:50:50,960 --> 00:50:55,480
यह एक गैसों का बना गुरु से भी दस गुना भारी है,

540
00:50:56,840 --> 00:50:59,440
पितृ तारे के प्रकाश की कौंध के बावजूद

541
00:50:59,440 --> 00:51:03,440
ग्रह के मंद प्रकाश को वर्णक्रम में फैलाना संभव हुआ.

542
00:51:03,440 --> 00:51:06,400
इससे ग्रह के वातावरण के बारे में जानकारी मिली.

543
00:51:08,080 --> 00:51:14,680
आज अधिकांश बाह्य ग्रह उस समय खोजे जाते हैं जब वे अपने पितृ तारे के सामने से गुजरते हैं.

544
00:51:14,760 --> 00:51:18,040
यदि हमारे लिए ग्रह का कक्षातल दृष्टि रेखा पर हो

545
00:51:18,040 --> 00:51:21,400
तो हमें बार बार यह घटना देखने को मिलेगी.

546
00:51:21,400 --> 00:51:25,880
इस प्रकार तारे की चमक में हो रहा बहुत थोड़ा आवर्ती ह्रास

547
00:51:25,880 --> 00:51:29,320
ग्रह की उपस्थिति का भेद खोल देता है.

548
00:51:31,760 --> 00:51:36,600
ला सिल्ला की ट्रापिस्ट दूरबीन इन दुष्प्राप्य संक्रमणों की खोज करेगी.

549
00:51:37,240 --> 00:51:38,560
इसी बीच,

550
00:51:38,560 --> 00:51:45,120
'वीएलटी' ने एक संक्रमण करते ग्रह का अध्ययन बड़ी सूक्ष्मता से किया.

551
00:51:45,920 --> 00:51:53,840
मिलिए GJ1214b से, हमारी अपनी पृथ्वी से 2.6 गुना भारी ग्रह.

552
00:51:55,920 --> 00:52:01,800
संक्रमण के समय ग्रह का वायुमंडल पितृ तारे के प्रकाश का आंशिक अवशोषण करता है.

553
00:52:06,080 --> 00:52:11,760
'ईएसओ' के सुग्राही फौर्स नामक वर्णक्रममापी ने यह पता चलाया था कि

554
00:52:11,760 --> 00:52:16,000
यह ग्रह गर्म और वाष्प से भरे 'सौना' जैसा है.

555
00:52:18,600 --> 00:52:23,080
गैस के बने दैत्याकार ग्रह और इस ग्रह जैसे 'सौना' जगत जीवन के लिए प्रतिकूल हैं.

556
00:52:23,080 --> 00:52:25,840
पर हमारी खोज जारी है.

557
00:52:26,800 --> 00:52:31,640
शीघ्र ही 'वीएलटी' पर एक नया 'स्फीयर' नामक उपकरण लगाया जाने वाला है.

558
00:52:31,680 --> 00:52:37,080
'स्फीयर' में मंद प्रकाश वाले ग्रहों को अपने पितृ तारों की कौंध में ढूंढ लेने की क्षमता होगी.

559
00:52:38,400 --> 00:52:44,120
वर्ष 2016 में एस्प्रेस्सो नामक वर्णक्रममापी 'वीएलटी' में आ जुड़ेगा.

560
00:52:44,120 --> 00:52:48,120
ये हार्प्स नामक उपकरण को भी मात दे देगा.

561
00:52:49,760 --> 00:52:53,840
और जब 'ईएसओ' की अत्यधिक बड़ी दूरबीन तैयार हो जायेगी,

562
00:52:53,840 --> 00:52:57,800
तब हम शायद धरती के परे के अन्य जीवमंडलों के चिन्ह खोज पायें.

563
00:53:05,160 --> 00:53:08,080
पृथ्वी पर जीवन प्रचुर मात्रा में है.

564
00:53:09,720 --> 00:53:18,200
उत्तरी चिली को कुदरत ने गिद्ध, विकुना नामक ऊँट, विज्काचास नामक खरगोश जैसे चूहे और विशाल कैक्टस के पौधे दिए हैं.

565
00:53:20,680 --> 00:53:25,320
यहाँ तक कि अटाकामा मरुस्थल की शुष्क धरती भी बड़े दमदार जीवाणुओं से ओतप्रोत है.

566
00:53:29,600 --> 00:53:33,960
हमने अन्तःतारकीय जगत में जीवन के मूल घटक खोज निकले हैं.

567
00:53:35,000 --> 00:53:37,800
हमने ये भी जान लिया है कि ढेर सारे ग्रह उपस्थित हैं.

568
00:53:41,800 --> 00:53:46,840
अरबों वर्ष पूर्व धूमकेतुओं पृथ्वी पर पानी और जैविक अणु लेकर आये थे.

569
00:53:49,240 --> 00:53:52,960
क्या ऐसा अन्यत्र होने की सम्भावना नहीं है?

570
00:53:58,440 --> 00:54:00,200
अथवा, क्या हम ब्रह्माण्ड में नितांत अकेले हैं?

571
00:54:01,800 --> 00:54:03,840
ये एक बहुत पुराना और बड़ा प्रश्न है.

572
00:54:05,160 --> 00:54:08,200
और इसका उत्तर बस हमारी मुट्ठी में आने ही वाला है.

573
00:54:18,697 --> 00:54:24,816
बड़े उपकरणों का निर्माण.

574
00:54:29,320 --> 00:54:32,240
खगोलशास्त्र एक बड़ा विज्ञान है.

575
00:54:34,800 --> 00:54:36,817
और बाहर है विराट ब्रह्माण्ड,

576
00:54:36,842 --> 00:54:41,000
और ब्रह्माण्ड के अध्ययन के लिए जरूरी हैं विशाल उपकरण.

577
00:54:45,760 --> 00:54:50,519
ये है अमेरिका के पेलोमर शिखर पर स्थित 5 मीटर व्यास की हेल परावर्तक दूरबीन.

578
00:54:50,544 --> 00:54:55,470
जब पचास वर्ष पूर्व यूरोपीयन सदर्न आब्जर्वेटरी का पदार्पण हुआ

579
00:54:55,495 --> 00:54:58,600
तब वह दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन थी.

580

00:55:00,175 --> 00:55:05,455
'ईएसओ' की सेर्रो पारनाल में लगी वैरी लार्ज टेलीस्कोप एक अद्यतन उपकरण है.

581
00:55:06,299 --> 00:55:09,212
इतिहास की सबसे शक्तिशाली वेधशाला के बतौर इसने

582
00:55:09,237 --> 00:55:13,080
हमें इस ब्रह्मांड के पूरे सौंदर्य का परिचय दिलाया जिसके हम निवासी हैं.

583
00:55:15,720 --> 00:55:20,089
पर खगोलशास्त्रियों की निगाहें और भी बड़े उपकरणों पर लगी हैं.

584
00:55:20,114 --> 00:55:23,360
और 'ईएसओ' उनके इन सपनों को साकार करने में लगी है.

585
00:55:37,822 --> 00:55:40,142
सैन पेड्रो ड एटाकामा.

586
00:55:41,424 --> 00:55:45,410
असाधारण बहार और प्राकृतिक चमत्कारों से भरी इस धरती पर

587
00:55:45,435 --> 00:55:49,484
ये मनोहर क़स्बा देशी एटाकामॉस लोगों का घर है.

588
00:55:49,509 --> 00:55:52,040
और ऐसे साहसिक पर्यटकों का भी.

589
00:55:54,280 --> 00:55:58,080
और 'ईएसओ' के खगोलशास्त्रियों और तकनीशियनों का भी.

590
00:56:03,400 --> 00:56:07,696
और सैन पेड्रो के पास ही 'ईएसओ' की पहली महत्वाकांक्षी मशीन आकार ले रही है.

591
00:56:07,721 --> 00:56:13,080
इसका नाम है 'एल्मा' यानि एटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलीमीटर अरे.

592
00:56:14,160 --> 00:56:19,491
'एल्मा' यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पूर्वी एशिया का संयुक्त उद्यम है.

593
00:56:19,889 --> 00:56:23,057
ये एक विशाल ज़ूम लेंस के माफिक काम करता है.

594
00:56:23,082 --> 00:56:28,076
इसके 66 एंटेने जब पास पास होते हैं तो हमें चौड़ा दृश्य फलक देते है.

595
00:56:28,101 --> 00:56:33,838

पर इन्हें फैला दीजिए तो ये आकाश के एक छोटे से क्षेत्र का आवर्धित रूप दिखाते हैं.

596
00:56:35,760 --> 00:56:40,643
सबमिलीमीटर तरंगों में 'एल्मा' ब्रह्माण्ड का कुछ दूसरा नजारा दिखाएगा.

597
00:56:40,668 --> 00:56:42,120
वो क्या होगा?

598
00:56:43,663 --> 00:56:49,160
ब्रह्माण्ड के जन्म कुछ समय बाद हुयी प्रथम मंदाकिनियों के जन्म की प्रक्रिया.

599
00:56:51,880 --> 00:56:54,746
आण्विक गैस के ठंडे धूल भरे बादल.

600
00:56:54,771 --> 00:56:58,600
तारों की पौधशालाएं जहाँ नए सूर्यों और ग्रहों का जन्म होता है.

601
00:57:02,200 --> 00:57:04,760
और, ब्रह्मांड का रसायन शास्त्र.

602
00:57:08,560 --> 00:57:13,560
'एल्मा' जीवन के आधारस्तंभ जैविक अणुओं को खोजेगा.

603
00:57:17,680 --> 00:57:21,480
'एल्मा' के एंटेनाओं का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है.

604
00:57:22,440 --> 00:57:26,095
ऑटो और लोर नमक ये दो विशाल परिवाहक

605
00:57:26,120 --> 00:57:30,101
सम्पूरित एंटेनाओं को चायनन्तोर पठार पर ऊपर चढ़ाएंगे.

606
00:57:36,200 --> 00:57:38,286
समुद्र तल से 5000 मीटर की ऊंचाई पर

607
00:57:38,311 --> 00:57:42,399
ये एरे माईक्रोवेव ब्रह्माण्ड के अभूतपूर्व दर्शन कराएगा.

608
00:57:49,662 --> 00:57:51,688
जब 'एल्मा' लगभग पूरा हो चूका होगा,

609
00:57:51,713 --> 00:57:55,961
तब 'ईएसओ' को अपने लक्ष्य तक पहुँचने में कई और वर्ष लगेंगे.

610
00:57:55,986 --> 00:57:57,868
आप वो पर्वत शिखर देख रहे हैं?

611
00:57:57,893 --> 00:58:00,160
इसका नाम है सेरो आर्माजोंस.

612
00:58:02,320 --> 00:58:04,048
ये पारनाल से बहुत दूर नहीं है.

613
00:58:04,073 --> 00:58:09,286
यहाँ लगेगी मानव इतिहास की सबसे बड़ी दूरबीन.

614
00:58:09,659 --> 00:58:14,080
मिलिए यूरोपीय अत्यंत बड़ी दूरबीन या E-ELT से.

615
00:58:14,520 --> 00:58:17,240
ये होगी आकाश पर सधने वाली अब तक की सबसे बड़ी आँख.

616
00:58:22,000 --> 00:58:25,500
इसके दर्पण का व्यास लगभग 40 मीटर होगा.

617
00:58:25,525 --> 00:58:30,465
जिससे ये अपने से पहले की सभी दूरबीनों को बौना बना देगी.

618
00:58:32,838 --> 00:58:36,198
इसमें हैं लगभग 800 कम्प्यूटर नियंत्रित दर्पण के भाग

619
00:58:37,917 --> 00:58:41,930
जटिल आप्तिकी ताकि प्रखरतम चित्र मिलें.

620
00:58:44,510 --> 00:58:47,317
दूरबीन कक्ष का गुम्बद एक चर्च से भी बड़ा.

621
00:58:52,520 --> 00:58:56,844
E-ELT में सबकुछ अतिशयपूर्ण है.

622
00:59:00,167 --> 00:59:04,647
पर सबसे बड़े आश्चर्य तो वास्तव में बाहर ब्रह्माण्ड में समाये हैं.

623
00:59:10,120 --> 00:59:14,415
E-ELT उजागर करेगी दुसरे तारों के गिर्द घूमते ग्रहों को.

624
00:59:18,160 --> 00:59:22,384
इसका ऑट्स वर्णक्रममापी दूसरे धरातीत संसारों के वायुमंडलों को सूंघेगा.

625
00:59:22,409 --> 00:59:24,520
इस आशा से कि जीवन के कोइ चिह्न वहां मिल जांय.

626
00:59:28,320 --> 00:59:33,969
इसके अलावा E-ELT मंदाकिनियों के अलग अलग तारों का अध्ययन करेगी.

627
00:59:33,994 --> 00:59:38,480
ऑट्स से कम करना पड़ोस के शहर के निवासियों से प्रथम बार मिलने जैसा है.

628
00:59:39,706 --> 00:59:42,181
मानों हम ब्रह्माण्ड की टाइम मशीन पर बैठे हों.

629
00:59:42,206 --> 00:59:45,845
विशाल दूरबीन हमें समय में अरबों वर्ष पीछे ले जाती है,

630
00:59:45,870 --> 00:59:47,800
ताकि हम जान सकें कि यह सब शुरू कैसे हुआ.

631
00:59:51,680 --> 00:59:55,461
शायद यह ब्रह्मांड के त्वरण की पहेली को सुलझा ले

632
00:59:55,486 --> 00:59:59,955
वो आश्चर्यजनक तथ्य कि मंदाकिनियाँ परस्पर दूरियां निरंतर बढ़ती जा रही है.

633
00:59:59,980 --> 01:00:02,040
तेज़ी से और भी तेज़ी से.

634
01:00:13,960 --> 01:00:18,320
खगोलशास्त्र जितना बड़ा विज्ञान है उतनी ही बड़ी इसकी पहेलियाँ हैं.

635
01:00:18,628 --> 01:00:20,195
क्या धरातीत जीवन है?

636
01:00:20,354 --> 01:00:22,160
ब्रह्मांड का उद्भव कैसे हुआ?

637
01:00:23,358 --> 01:00:28,345
'ईएसओ' की नयी दैत्याकार दूरबीन हमारी इन जिज्ञासाओं को शान्त करेगी.

638
01:00:28,370 --> 01:00:31,994
हम अभी उस लक्ष्य तक पहुंचे नहीं हैं पर ज्यादा समय नहीं लगेगा.

639
01:00:32,400 --> 01:00:33,720
तो फिर क्या होगा अगला साहसिक अभियान?

640
01:00:33,720 --> 01:00:35,550
किसी को नहीं मालूम.

641

01:00:35,575 --> 01:00:38,360
पर वो जो भी हो 'ईएसओ' उसके लिए तैयार है.